इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4772

9 मई, 2013 को उत्तर के लिए

एन.एम.डी.सी. और एम.ओ.आई.एल. द्वारा खनन परिचालनों का विविधीकरण

4772. डॉ. चंदन मित्रा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) और मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड (एमओआईएल) के शिष्टमंडल ने अपने खनन परिचालनों में विविधता लाने के उद्देश्य से हाल ही में ब्राजील और पेरू का दौरा किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस दौरे के दौरान कौन-कौन से खनन स्थलों की पहचान की गई है; और

(घ) सरकार द्वारा पेरू और ब्राजील में सोना, तांबा और लोहे के खनन परिचालन को शुरू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क) से (ग): जी, हां। सचिव (इस्पात) के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें एनएमडीसी लिमिटेड और मॉयल लिमिटेड से अधिकारी सम्मिलित थे, ने लौह अयस्क, मैंगनीज अयस्क और कोकिंग कोल में संसाधन अधिग्रहण के अवसरों को तलाशने के लिए नवम्बर, 2012 के दौरान ब्राजील और पेरू का दौरा किया था। दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने खनिज सम्पत्तियों के लिए बहिया सरकार, ब्राजील तथा ब्राजील और पेरू की विभिन्न कंपनियों के साथ बातचीत की है।

(घ): भारतीय और ब्राजील कंपनियों के लिए लोहा और इस्पात से जुड़े व्यवसाय में निवेश के अवसरों को प्रोत्साहित करने के लिए इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार और खान एवं ऊर्जा मंत्रालय, फेडरेटिव रिपब्लिक ऑफ ब्राजील के बीच फरवरी, 2013 में एक आशय-पत्र हस्ताक्षरित किया गया है।

****